हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 17 नवंबर 2025

06 शहरवासियों को 15 मीटर चौड़ी सड़क देने के...



08 कुबेरेश्वरधाम पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे, पूजा की





## खबर संक्षेप

### साइबेरिया पैंथर ने कृष्णा ब्लास्टर को 28 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही कृष्णा ट्राफी में रविवार को खेले गए एक मुकाबले में साइबेरिया पैंथर ने कृष्णा ब्लास्टर को 28 रन से हराया। इस मैच में गौरव पिचोनिया ने पैंथर की ओर से 85 गेंद पर 150 रन की विस्फोटक पारी खेली, इसके अलावा नीरज मेहरा ने 43 रन बनाए।डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी साइबेरिया पैंथर ने निर्धारित 35 ओवर में आठ विकेट खोकर 312 रन बनाए थे। इस मैच में नीरज मेहरा ने 43 रन, गौरव पिचोनिया ने 85 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 150 रन, पियुष ने 19 रन, अतुल त्रिवेदी-कृष्णा ने 25-25 रन की पारी खेली।

### भोपाल में राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 18 से

**सीहोर।** भोपाल में 18 नवम्बर से 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल में किया जा रहा है। प्रदर्शनी के आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग सहभागिता कर रहा है। प्रदर्शनी में 35 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 विद्यार्थी एवं शिक्षक विज्ञान पर केन्द्रित प्रोजेक्ट एवं मॉडल प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना और वैज्ञानिक विचार विकसित करना है।

## जिम्मेदारों की अनदेखी से सीवरेज प्रोजेक्ट में बरती जा रही भारी लापरवाही

# पार्षद का आरोप: नाली में डाला जा रहा सीवेज पाइप, बोले-कंपनी कर रही है सिर्फ खानापूर्ति

### कंपनी के कर्मचारी नाली में ही डाल रहे सीवरेज पाइप, जिससे नाली चौक होने और जलजमाव से बनेगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

शहर में वर्ष 2018 से चल रहा 39 करोड़ रुपए का बहुप्रतिक्षित सीवरेज प्रोजेक्ट सात साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। अब स्थिति यह है कि काम में हो रही देरी और जल्दबाजी के चलते सीवरेज कंपनी द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जा रही है और केवल कार्य की इतिश्री (खानापूर्ति) की जा रही है। लापरवाही का ताजा मामला शास्त्री कॉलोनी स्थित वार्ड क्रमांक 13 में सामने आया। जहां कंपनी के कर्मचारी नाली में ही सीवरेज पाइप डाल रहे थे। जिससे भविष्य में नाली के चौक होने और जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। स्थानीय पार्षद गौरव शर्मा (लड्डू) ने अनियमितता को देखते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर सीवरेज पाइप डालने का काम रुकवा दिया। पार्षद ने सख्त लहजे में कहा कि सीवरेज कंपनी केवल कार्य की खानापूर्ति कर रही है और काम की गुणवत्ता को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सितंबर 2018 में विश्व बैंक की सहायता से बन रही करोड़ो रुपए की मल-जल (सीवरेज) योजना का ई-शिलान्यास सागर से किया था। योजना की कुल लागत 39.1 करोड़ रुपए हैं । जिसमें 33.6 करोड़ रु. और 10 वर्ष के संचालन व संधारण की लागत 5.95 करोड़ हैं। इस कार्य का ठेकेदार द्वारा 10 वर्ष तक संचालन व संधारण किया जाना है। योजना के तहत 4.2 एमएलडी का एक ट्रीटमेंट प्लांट, 42.33 किमी की पाइपलाइन बिछाना था। इसमें1036 मेन होल, 232 मेन होल (2 मीटर गहराई वाले), और 993 मेन चेंबर (1.5 मीटर गहराई वाले बनाए जाना हैं।

इतना ही नहीं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पौधारोपण कर उनके पेड़ बनने तक पोषण करने की जिम्मेदारी भी ठेकेदार की थी । इस योजना को वर्ष 2049 तक अनुमानित जनसंख्या 44232 के आधार पर प्रस्तावित किया गया था, लेकिन सात वर्षों बाद भी काम पूरा न होने और अब गुणवत्ता में हो रही अनदेखी से इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की सफलता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



### कंपनी नाली में डाल रही निकासी पाईप

शास्त्री कॉलोनी में मल जल निकासी के लिए छोड़ी गई गली अब अतिक्रमण का शिकार हो चुकी है। स्थिति यह है कि यहां पर बने हुए नाले ने अब नाली का रूप ले लिया है। नगर परिषद के द्वारा भी यहां पर बिना अतिक्रमण हटाए ही नाली का निर्माण कर दिया गया। अब सीवरेज कंपनी शास्त्री कॉलोनी निवासियों पर मेहरबानी करते हुए नाली में ही मल जल निकासी के पाइप डाल रही हैं। काम की जल्दबाजी में कंपनी के द्वारा किए जा रहे इस कार्य को कोई देखने वाला नहीं है। वार्ड क्रमांक 13 में जब यह स्थिति दिखाई दी तो पार्षद ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए इस पर रोक लगा दी। हालांकि जिस दौरान सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए सर्वे का कार्य किया जा रहा था उस समय शास्त्री कॉलोनी मैं मल निकासी के लिए मैनहोल बनाने का कार्य छोड़ी गई जगह पर ही किए जाने की बात कही गई थी। लेकिन उस दौरान सर्वे टीम के द्वारा इसे नकार दिया गया। अब जिस कंपनी के द्वारा हाउस कनेक्शन किया जा रहे हैं वह पीछे से लाकर आगे बनाए गए मेनहोल में जोड़े जा रहे है।

### सीवरेज प्रोजेक्ट में सिर्फ खानापूर्ति-जनता के पैसों की हो रही बर्बादी

वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद गौरव शर्मा ने कहा कि सात साल से काम पूरा नहीं हुआ और अब यह कंपनी नाली की गंदगी बिना साफ किए ही पाइप डाल रही है। यह सिर्फ खानापूर्ति है, यह जनता के 39 करोड़ रुपए की सीधी बर्बादी है।जिस नाली में कीचड़ और मलबा भरा हुआ है, उसमें सीवरेज पाइप डालने का क्या औचित्य है? यह पाइप आज नहीं तो कल चोक होंगे और इसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ेगा। जब तक काम सही गुणवत्ता से नहीं होगा तब तक मैं इस वार्ड में पाइप नहीं डालने दूंगा। स्थिति यह है कि नगर परिषद में चल रहे इस कार्य को न कोई देखने वाला है और न कोई सुनने वाला, लेकिन हम चुप नहीं बैठेंगे। कंपनी के द्वारा जहां पर भी नाली में पाइप डाले गए हैं वहां उन सभी पाइपों को निकलवा कर सही डलवाया जाएगा। पार्षद ने आरोप लगाया कि मैन होल में कलेक्ट करने के लिए जो पाइप डाले जा रहे हैं उनका स्तर भी घटिया है।

### शिकायत पर किया गया है अमल

इस मामले में प्रोजेक्ट के इंजीनियर फुरकान अली ने कहा की पार्षद के द्वारा शिकायत की गई थी उसके आधार पर कार्य रुकवा दिया गया है और नाली में पाइप नहीं डाले जाने को कहा गया है।

# एक माह बीता नकली खाद गिरोह पर नहीं हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

क्षेत्र में किसानों को 700 में से 500 कट्टी नकली खाद बेचकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह पर एक महीने बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से किसानों में भारी रोष है। पुलिस द्वारा 14 अक्टूबर को मामला दर्ज किए जाने के बावजूद अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी न होना ग्रामीणों के आक्रोश को बढ़ा रहा है। किसान संगठनों का कहना है कि पुलिस का यह धीमा रवैया आरोपियों को संरक्षण देने जैसा प्रतीत होता है।

### राख से भरे मिले बैग

10 अक्टूबर को राजस्व व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने गोपालपुर क्षेत्र के निमोटा व महागांव कदीम में दबिश देकर 200 कट्टी संदिग्ध खाद जब्त की थी। बैग खोलने पर उनमें कोयले की राख जैसी सामग्री मिली, जो बड़े पैमाने पर की गई धोखाधड़ी का स्पष्ट प्रमाण है। सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए हैं। यह कार्रवाई सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह राजपूत की सतर्कता से संभव हुई, जिन्होंने ग्रामीणों की शिकायत पर खाद के बैगों की जांच कर पूरे घोटाले का भंडाफोड़ किया।

### पकड़ से बाहर आरोपी

पांच आरोपियों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम व उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस एक भी आरोपी को पकड़ नहीं सकी है। तेज सिंह राजपूत, नालियाखेड़ा , अजय सिंह राजपूत, शमशाबाद, कैलाश सिंह राजपूत, पुष्पेन्द्र सिंह राजपूत, निमोटा, शालिग्राम, महागांव कदीम फरार है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पुलिस एक महीने में भी सुराग नहीं जुटा सकी, तो जाहिर है कि जांच में गंभीरता नहीं है।

### एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन

किसान स्वराज संगठन व किसानों ने स्पष्ट कहा है कि मेहनत की कमाई और फसलें बर्बाद होने के बाद भी यदि न्याय नहीं मिला तो वे चुप नहीं बैठेंगे। किसान स्वराज संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मामले में गोपलपुरा थाना के एसआई लवेश कुमार ने बताया कि इस मामले जांच की जा रही है, पुलिस की कार्रवाई जारी है जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ़्तार किया जाएंगा।



### खबर संक्षेप



## बच्चों को गर्म कपड़ों का किया वितरण

**भैरुंदा।** नगर में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्र श्री रविदास श्रीराम बस्ती में शनिवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। केंद्र की शिक्षिका कु. ऋषिका श्रोतिय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए सेवा भावना से प्रेरित होकर संघ चालक ब्रजमोहन गौर के दामाद हिमांशु सक्सेना ने बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर उमंग और प्रसन्नता साफ झलक रही थी।कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे—पारस वर्मा, जिला सेवा प्रमुखराधिका जैमिनी, नगर उपाध्यक्षराकेश वर्मा, सेवा भारती नगर सचिव, सभी अतिथियों के आगमन से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। सेवा भारती परिवार ने सभी वरिष्ठजन एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## आदित्य ने की परेड शिविर में सहभागिता

**सीहोर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर (मध्य क्षेत्र) 2025 का आयोजन आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्यप्रदेश में दिनांक 5 नवंबर से 14 नवंबर तक किया गया। जिसमें बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ अंतर्गत महात्मा गांधी महाविद्यालय सीहोर की रासेयो इकाई के स्वयंसेवक आदित्य गौर ने सहभागिता की। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में मध्य प्रदेश के 40 स्वयंसेवकों सहित 6 राज्य के 200 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की तथा शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्य प्रदेश के 8 स्वयंसेवकों का चयन गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2026 नई दिल्ली में सहभागिता के लिए होगा। आदित्य के द्वारा शिविर में मध्य प्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक लोक नृत्य एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

मार्ग चौड़ीकरण में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को हटाने निगम ने लिया जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग

# शहरवासियों को 15 मीटर चौड़ी सड़क देने के लिए निगम ने दूसरे दिन भी जारी रखी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के व्यस्तम एमजी रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान शुक्रवार से शुरू किया गया, कार्रवाई दूसरे दिन शनिवार को भी जारी रही। शुक्रवार को शालिनी रोड से कार्रवाई शुरू हुई है। कार्रवाई शनिवार शाम होते होते नावेल्टी चौराहे के आगे तक पहुंच गई। ज्ञात हो कि एमजी रोड को चौड़ा कर यातायात को सुगम बनाना है, जिसके लिए रोड़ को 150 मीटर तक चौड़ा करने की योजना है। निगम ने शनिवार को जेसीबी बुलडोजर की मदद से 100से ज्यादा मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने के बाद एमजी रोड को चौड़ा करके 15 मीटर का किया जाएगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत लगभग 06 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना को मंजूरी मिली है। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल के साथ जेसीबी और पोकलैंड मशीनें तैनात की गईं। शनिवार को तीन पोकलैंड मशीनों की मदद से मार्ग मे बाधा बन रहे भवनों को तोड़ा गया। जिससे कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में तेजी आई। निगम अधिकारियों अनुसार, यह कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से की जा रही है।

### 108 अतिक्रमणों को निगम ने हटाया

शहर के सबसे व्यस्ततम महात्मा गांधी मार्ग के चौड़ीकरण मे बाधक बन रहे अतिक्रमणों को नगर निगम के अमले के द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार एवं शनिवार को चलाए गए अभियान अन्तर्गत 108 अतिक्रमणों को हटाया गया। अभियान आयुक्त दलीप कुमार के नेतृत्व मे शनिवार को भी जारी रहा। जिसमें सुभाष चौक क्षेत्र से नावेल्टी चौराहे तक 48 पक्के अतिक्रमणों को तोडा गया। इसके पूर्व शुक्रवार 14 नवम्बर को शालिनी रोड जनता बैंक चौराहे से सुभाष चौक तक 60 पक्के अतिक्रमणों को हटाया गया था। अभियान मे निगम द्वारा पोकलेण्ड मशीनों, जेसीबी, ट्रेक्टर ट्राली व अन्य संसाधनों के साथ कार्यवाही की गई। अभियान मे निगम के तकनिकी अमले मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, सहायक यंत्री मुशाहीद हन्फी, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, विजेता पाण्डे, करूणा दशोरिया, तथा स्वच्छता निरीक्षकों एवं अन्य विभागों का अमला एवं निगम गैंग के कर्मचारियों का अमला भी कार्यवाही मे शामिल रहा। आयुक्त द्वारा अभियान के दौरान निगम अधिकारियों, कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट एवं अन्य संसाधन भी उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने पूर्व मे अतिक्रमणकारियों को विभागीय सूचना पत्र देने के साथ ही क्षेत्रों मे ऐलान भी कराया जाकर सूचना दी गई थी। निगम प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती ने बताया कि अभियान रविवार 16 नवम्बर को भी जारी रहेगा।

### आयुक्त और एएसपी ने संभाला मोर्चा

शनिवार को दूसरे दिन जारी कार्रवाई में नगर निगम आयुक्त दलीप सिंह ने खुद एमजी रोड पहुंचकर मुहिम का जायजा लिया। पुलिस प्रशासन से एएसपी जयवीर सिंह अपने दल के साथ मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई के लिए कुल 216 बाधक निर्माणों को चिह्नित किया गया है। निगम आयुक्त दलीप सिंह ने बताया कि कुल 216 बाधक निर्माणों को चिह्नित किया गया है, जिन्हें हटाया जा रहा है। पहले दिन 63 चिह्नित अतिक्रमणों में से 55 हटाए गए, जबकि 8 पर कोर्ट से स्थगन आदेश होने के कारण उन्हें फिलहाल नहीं छेड़ा गया है।

### भारी पुलिस बल तैनात

एएसपी जयवीर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। नगर निगम की टीम में 3 जेसीबी, तीन पोकलेन, 2 डंपर, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। मुहिम के दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटाया।

## युवाओं को देश और समाज के विकास के लिए आगे आना चाहिए: राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय पटेल



**सीहोर।** युवाओं को देश और समाज के विकास के लिए आगे आना चाहिए। वे नई ऊर्जा और विचारों के साथ समाज को बेहतर बना सकते हैं। युवाओं को सही शिक्षा और मार्गदर्शन मिलना चाहिए ताकि वे अपना भविष्य बना सकें और राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें। शिक्षा और अवसरों की कमी को दूर करना भी महत्वपूर्ण है। उक्त विचार रविवार को शहर के बस स्टैंड स्थित गीता मानस भवन में अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान समारोह एवं प्रस्तावित छात्रावास निर्माण भूमिपूजन पर विशेष बैठक के दौरान नव नियुक्त खाती समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह पटेल ने कहे। रविवार को बड़ी संख्या में पदाधिकारियों का सम्मान कार्यक्रम के दौरान खाती समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष डॉ. पटेल ने कहाकि युवा समाज के नए विचारों, ऊर्जा, और जोश को लेकर आते हैं। उन्हें सही मार्गदर्शन दिया जाए तो वे समाज को सुधारने के लिए अद्भुत शक्ति हो सकते हैं। युवा समाज के मुद्दों पर ध्यान देते हैं और नए और सकारात्मक विकल्पों को खोजते हैं। उनके सोचने का तरीका और उनकी प्रेरणा समाज में परिवर्तन ला सकती है और समाज को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। रविवार को आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, विध्या राजा, पवन चौधरी, नन्नूलाल कासन्या, युवराज पटेल, गौरीशंकर पटेल, ममता चंद्र, मदनलाल इटावदिया प्रेमसिंह चैयरमेन, धरमसिंह आर्य, डा. ओपी वर्मा, महेश जलोदिया, महेशा वर्मा, मोहन सिंह, घासीराम पटेल, जगदीश पटेल, देवकरण सोनानिया, राधेश्याम, कैलास चौधरी सुरजनारायण जलोदिया, मंगल सिंह ठाकुर, रमेश पटेल, लीलाकिशन खाती, रमेश मुकाती, धरम सिंह पटेल, गजराज चंद्रवंशी, नन्नुलाल कासन्या, अर्जुन पटेल, करण सिंह, पूजा विकास ठाकुर, विष्णु जलोदिया, अनार सिंह चौहान, मलखान सिंह, मनोहर लाल पटेल, प्रवेश वमा, रामचंदर वर्मा, संजय पटेल, राकेश पटेल, मुकेश भेंडी, हरिसिंह, सुधीर पटेल, रामचंदर वर्मा, प्रहलाद सिंह, अनिल पटेल, महेश, शंकर पटेल, विष्णु वर्मा, अर्जुन वर्मा, सतीश सोनानिया, संदीप पटेल, अरविंद, नरेंद्र वर्मा, राकेश, संतोष वर्मा, संतोष वर्मा, राजेंद्र चौधरी, कैलास राज, ओमप्रकाश वर्मा, रुपेश पटेल, जमुना प्रसाद चंद्रवंशी, रमेश वर्मा आदि को आमंत्रित किया गया था।

## चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा के नेतृत्व में गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में पाँच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रिसर्च मेथाडोलॉजी का आयोजन 10 से 14 नवम्बर तक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि यह राष्ट्रीय कार्यशाला विद्यार्थियों के शोध कौशल को नई दिशा देगी एवं उन्हें उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रेरित करेगी। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य बीएससी चतुर्थ वर्ष में शामिल रिसर्च मेथाडोलॉजी विषय तथा एमएससी पाठ्यक्रम में अनिवार्य सेमिनार एवं रिसर्च रिपोर्ट राइटिंग को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को शोध के विभिन्न आयामों की व्यवहारिक समझ प्रदान करना था। कार्यशाला में प्रथम दिवस इंट्रोडक्शन एवं टाइप्स ऑफ़ रिसर्च विषय पर डॉ. सुनील कुमार मित्तल, सहायक प्राध्यापक गणित, जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शुजालपुर, द्वितीय दिवस एप्रोच तो सिस्टमैटिक लिटरेचर रिव्यूज इन स्टेम एजुकेशन विषय पर डॉ. मौली थॉमस, सहायक प्राध्यापक, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय द्वारा संचालित हुआ। तृतीय दिवस डाटा कलेक्शन मेथड विषय पर डॉ. रमाकांत भारद्वाज, प्राध्यापक गणित, एमिटी यूनिवर्सिटी कोलकाता, चतुर्थ दिवस डाटा एनालिसिस एवं इंटरप्रिटेशन विषय पर डॉ. रवि कुमार विश्वकर्मा, सहायक प्राध्यापक गणित, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर एवं पंचम दिवस रिसर्च रिपोर्ट राइटिंग विषय पर डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, सहायक प्राध्यापक, मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर द्वारा विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

### बाल दिवस पर भिक्षावृत्ति व श्रमिक रोकथाम करने के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान

**सीहोर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ज्ञानेश कुमार खरे के मार्गदर्शन में सीहोर जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम एवं बाल श्रमिक रोकथाम अभियान 14 नवम्बर 2025 को बाल दिवस के अवसर पर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं एसजेपीयू पुलिस, सीडब्लूसी एवं विदिशा सोशल वेलफेयर आर्गनाइजेश सीहोर एवं श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाया गया। संयुक्त दल द्वारा बस स्टैंड, होटल एवं चौपाटी चौराहों पर जन जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। इसी दौरान आष्टा चौपाटी पर 6 बच्चे भिक्षावृत्ति करते हुए पाए गए, आसपास परिजनों की तलाश की लेकिन परिजन नहीं मिले जिनको संयुक्त दल द्वारा काउंसलिंग की गई तथा तात्कालिक संरक्षण के लिए बच्चों को सीडब्लूसी सीहोर में प्रस्तुत कर बाल गृह भोपाल भेजा गया। उक्त अभियान में बाल कल्याण समिति सीहोर से सदस्य तिलक दास बैरागी, रवि राठौर, स्वाति श्रीवास्तव एवं महिला बाल विकास से अनिल पोलाया बाल संरक्षण अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई से विनय दुबे एवं विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन से जिला प्रभारी सुमित गौर, दीपक राठौर एवं श्रम निरीक्षक अजय शाह द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

11 साल में भाजपा विधायक सुदेश राय ने बदली तस्वीर

# संपन्न हो चुके 6 हजार करोड़ लागत के अनेक निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षेत्र के भाजपा विधायक सुदेश राय का जन्मदिवस 17 नवंबर सोमवार को है। विधायक सुदेश राय के अबतक के कार्यकाल में आजादी के बाद विधानसभा क्षेत्र सीहोर के हर गांव हर कस्बे नगर ग्राम पंचायत और वाड़ो में 6 हजार करोड़ रूपयें लागत के निर्माण कार्य संपन्न हो चुके है और करोड़ों रूपये के निर्माण कार्य प्रगतिशील है। सीहोर,श्यामपुर, दोराहा,अहमदपुर चरनाल चांदबड़ बरखेड़ा हसन सहित ग्राम पंचायतों में हुए जनहितैशी निर्माण कार्यो की जिन्होने लोगों के जीवन को सरल कर दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व केंद्र और प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में वर्ष 2014 में भाजपा की सरकारी बनते ही विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र की दिशा दशा बदलने और किसानों मजदूरों गरीबों के शौषण को मिटाने अराजक तत्वों को सत्ता से दूर करने सुशासन की स्थापना करने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पात्र लोगों को उनका हक दिलाने पंचायत,स्कूल कॉलेज अस्पतालों सहित सभी समाजों की धर्मशालाओं के नये भवन बनवाने मंदिर, मस्जिद, शमशान, कब्रितानों को सुरक्षित करने और गांवों सहित शहर के हर वार्ड की गलियों तक में सीसी सड़क बनवाने हर घर तक सुलभता के साथ पीने का पानी पहुंचाने, बिजली की सुचारू व्यवस्था दिलाने,घटना दुर्घनाओं में पीड़ित परिवारों को शासन से आर्थिक मदद दिलाने, जिला मुख्यालय के चारो तरफ सुव्यस्थित फोरलेन सड़कों का निर्माण कराने,शहर के हर वार्ड के नागरिकों के लिए पानी की टंकियों का निर्माण करने, शहर के पार्को सड़कों को जगमग रोशनी से चमकाने, किसानों को फसल खराब होने पर भरपूर मुआवजा दिलाने, किसानों की खेतों के लिए प्रधानमंत्री से पांच हजार करोड़ की पार्वती नर्मदा कालीसिंधी लिंक सिचाई परियोजना लाने, श्यामपुर दोराहा में ब्रिज और रेलवे स्टेशन का निर्माण कराने, खेल मैदान स्टेडियम निर्माण बनवाने, पानी रोकने के लिए डेम निर्माण कराने, अस्पतालों में बेड संख्या बढ़ाने, कॉलेज में छात्र सीट संख्या बढ़ाने, ग्राम स्तर पर नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने,ग्राम पंचायतों में जल योजनाएं शुरू कराने,शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विस्तार करने नए कनेक्शन देने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन बंशकार मोहल्ला गंज स्वीकृत राशिः 109 लाख रूपये,भोपाल नाके से कोतवाली चौराहा मार्ग डामरीकरण स्वीकृत राशि 52 लाख,मण्डी स्कूल सीहोर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण स्वीकृत राशि 1 करोड़ रूपये,शासकीय चंद्रशेखर आज़ाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर साइंस प्रयोगशाला एवं कंप्यूटर कक्ष निर्माण स्वीकृत राशि 7 करोड़ रूपये,शासकीय कन्या महाविद्यालय साइंस प्रयोगशाला एवं कंप्यूटर कक्ष निर्माण स्वीकृत राशि 7 करोड़,आवासीय संस्थान सीहोर मिट्टी हाल का लोकार्पण,स्वीकृत राशि 1 करोड़, बड़िय़ाखेड़ी मंदिर से पुलिया तक सड़क स्वीकृत राशिः 19 लाख,कोतवाली चौराहे पर नाली निर्माण,स्वीकृत राशि 15 लाख,लूनिया चौराहा स्टेशन तक रोड डामरीकरण,स्वीकृत राशि 15.27 लाख रूपये,बड़िय़ाखेड़ी भारत सिंह घर से श्री रामनारायण यादव घर तक रोड स्वीकृत राशि 12 लाख,पुरानी सब्जी मंडी छात्रावास रोड निर्माण स्वीकृत राशि 6 लाख,सीवन नदी चौराहा,हॉकर्स ज़ोन निर्माण,स्वीकृत राशि 5 लाख,वार्ड 7 में पुलिया निर्माण,स्वीकृत राशि 13 लाख,हिमांशु गार्डन सामने रोड स्वीकृत राशि 24 लाख,अवधपुरी में रोड निर्माण,स्वीकृत राशि 10 लाख,वार्ड 32 शुगर फैक्ट्री चौराहा स्वामी नारायण मंदिर तक पेवर ब्लॉक कार्य,स्वीकृत राशि 8.50 लाख,उत्कृष्ट विद्यालय तिलक पार्क लूनिया चौराहा तक रोड डामरीकरण,स्वीकृत राशि 2 करोड़,पुराना फायर स्टेशन मछली बाजार पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण स्वीकृत राशि 1 करोड़,ठोस अपशिष्ट निपटान कार्य 50 टन कचरा प्रोसेसिंग प्लांट स्वीकृत राशि 8.35 करोड़ रूपये,टाउन हॉल के पास 500 सीटर ऑडिटोरियम,स्वीकृत राशि 441.43 लाख,भोपाल नाके के पास व्यावसायिक भवन 38 दुकानें स्वीकृत राशि 1.88 करोड़ मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक लेवर कॉलोनी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलोनी, कक्षा क्षेत्र स्वीकृत राशि 75 लाख रूपये,जिला चिकित्सालय नवीन भवन स्वीकृत राशिः 20 करोड़ शामिल है।स्वीकृत राशि 754324 करोड़ रूपये, वार्ड 11 शिवलाल यादव से लक्ष्मण आर्य के घर से होते हुए चैन सिंह के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य । स्वीकृत राशि 11,74,957 शामिल है। विधायक सुदेश राय के द्वारा बीते 11 वर्ष में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कराए गए।















### बिरसा मुंडा जयंती पर मोगिया गौंड आदिवासी समाज का जिले भर में हुए आयोजन

# हाथों में तीर-कमान लेकर नाचते गाते निकाला भव्य चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ़

आदिवासी समाज के आराध्य भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मप्र मोगिया गौंड आदिवासी समाज के तत्वावधान में मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले भर से आए समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष, युवा, बच्चे स्थानीय मंगल भवन में एकत्रित हुए जहां से दोपहर में भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मोत्सव को पर्व की तरह मनाते हुए चल-समारोह में साथ चल रहे समाजजन हाथों में तीर-कमान इत्यादि लेकर चल रहे थे। मंगल भवन से आरंभ हुआ यह जुलूस पोस्ट ऑफिस रोड, एसपी बंगला रोड, जेल रोड, मेन मार्केट से होते हुए पुनः मंगल भवन पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान स्थान-स्थान पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा चल-समारोह में शामिल प्रबुद्धजनों का पुष्पवर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया। चल-समारोह के गंतव्य पर पहुंचने पर एक आमसभा आयोजित की गई।

#### समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर दिया जोर

मंगल भवन में आयोजित सभा के दौरान वरिष्ठजनों द्वारा समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों के उन्मूलन एवं शिक्षा पर जोर देने की बात कही। इस दौरान समाजजनों ने कहा कि हमें एकजुट होकर रहना होगा और कभी किसी परिवार पर कोई दिक्कत या परेशानी आए तो पूरा समाज एकजुटता के साथ उसके साथ खड़ा रहेगा। सभा के उपरान्त दरियाव सिंह सौलंकी एवं सीमा कृष्णपाल सिंह सौलंकी द्वारा सभी समाजजनों के लिए सहभोज आयोजित करवाया गया।

#### बिरसा मुंडा जयंती पर निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

ब्यावरा में भी बिरसा मुंडा की जयंति के उपलक्ष में ग्राम पंचायत पीपल हेला में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन भोपाल सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया, जिसमें 90 लोगों की आँखों की जांच की गई। जिसमें मतियाबिन ऑपरेशन के लिए भोपाल सेवा सदन रेफेर किया गया। इस जनसेवा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। सरपंच रामचंद्र नागर, मंत्री रामप्रसाद कारपेंटर एवं सचिव सुनील कुमार नागर ने सक्रिय सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी आँखों की जांच कराई। डॉक्टरों ने आँखों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपचार संबंधी जानकारी, सावधानियां तथा आगे की चिकित्सा प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया। इस नेत्र शिविर ने बिरसा मुंडा की जयंती पर ग्राम पंचायत में जनजागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा का उत्कृष्ट संदेश दिया, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की। इस मौके पर समाज सेवी संस्था खुशियों का ओटला की टीम ने अहम योगदान दिया, संस्था के संचालक डॉ सुरजीत सिंह, काजल सिंह, डॉ धर्मेंद्र यादव, मोहन दांगी,पायल राधिका जाटव सोनम खान, सुष्मिता देव, कनक हर्षिता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जन अभियान परिषद ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस



सारंगपुर में महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी एवं समाज सुधारक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद द्वारा सारंगपुर तहसील के ग्राम लोठिया में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बद्रीलाल बामनिया, ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में लोकेश नाहर , विजय बना, सियाराम पाटीदार सिद्धनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि बामनिया ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने कम उम्र में अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी। उन्होंने ईसाई मिशनरियों द्वारा किए जा रहे जबरन धर्मांतरण का विरोध किया और शिक्षा काल में ही स्कूल छोड़ कर अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया। उनके संघर्ष से भयभीत होकर अंग्रेजी शासन ने उन्हें झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया, जहां अत्याचारों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बिरसा मुंडा जी के विचारों और साहस से प्रेरणा लेकर समाज निर्माण, एकता और राष्ट्रहित के कार्यों में आगे आएं।

### अभियोजन के सबूतों पर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

# रंजिशन घर में आग लगाने वाले दोषियों को 3 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

साल 2024 में कालीपीठ थानाक्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम सेमलाबे में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति के मकान में आग लगाने वाले 3 दोषियों को कोर्ट ने तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तीनों दोषियों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है। अभियान पक्ष द्वारा प्रस्तुत सबूतों, गवाह एवं बयानों के आधार पर न्यायालय ने यह फैसला सुनाया है।

#### क्या था पूरा मामला

लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि मार्च 2024 में सेमलाबे ग्राम निवासी मनोहरबाई ने रिपोर्ट लिखवाई की रात्रि में वे अपनी सास के साथ घर में सो रही थीं। तभी अचानक प्रेमसिंह पिता घुलीलाल, रतनलाल पिता धुलीलाल निवासी भियांपुरा एवं बबलू पिता लालसिंह निवासी सेमलाबे आए। अभियुक्तों के हाथ में केरोसीन की कैन थी। फरियादी मनोहरबाई अचानक जागी और पूछा कि हमारे घर क्यों आए हो। इस पर उन्होंने कहा कि तुमने हमारी रिपोर्ट थाने में की है, अब उसकी सजा भुगतनी पड़ेगी। पहले तीनों अभियुक्तों ने घर के पास पड़े घांस में आग लगाई और उसके बाद टापरीनुमा घर को आग के हवाले कर दिया। घटना में मकान का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत से जनहानि होने से बच गई। घटना के बाद फरियादिया मनोहरबाई ने कालीपीठ थाने पहुंचकर तीनों अभियुक्तों पर एफआईआर दर्ज करवाई। न्यायालय में चालान प्रस्तुत होने पर अभियोजन पक्ष के गवाहों, बयानों, सबूतों इत्यादि के आधार पर गत दिवस सत्र न्यायाधीश ने तीनों दोषियों प्रेमसिंह, रतनलाल एवं बबलू को 3-3 साल के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया है।

## समाजोत्थान व कुरीतियों के उन्मूलन के लिए दांगी समाज की बैठक आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

समाज में फैल रही कुरीतियों को समाप्त करने, युवा शक्ति को संगठित करने और दांगी समाज के समग्र उत्थान के उद्देश्य से दांगी समाज की जिला स्तरीय बैठक रविवार को राजगढ़ ब्लॉक में आयोजित की जा रही है। यह बैठक स्थानीय खुजनेर रोड पर दांगी समाज की प्रस्तावित धर्मशाला स्थल पर आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिलेभर के सामाजिक युवा प्रतिनिधि, वरिष्ठ जन और सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। इसके पूर्व प्रस्तावित धर्मशाला स्थल से पूर्व सैनिकों द्वारा शौर्य यात्रा निकाली जाएगी जो खिलचीपुर नाका से बायपास होते मुख्य बाजार, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल रोड, खिलचीपुर नाका होते हुए धर्मशाला स्थल पहुंचेगी जहां सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में धर्मशाला निर्माण के साथ सामाजिक कुरीतियों जिसमें बाल सगाई, बाल विवाह मुक्त समाज, झगड़ा-कुप्रथा मुक्त समुदाय सहित नुक्ता ओर शैक्षणिक स्तर में ओर बेहतर प्रबंधन पर चर्चा होगी। बैठक में दांगी क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी सहित जिला और प्रदेश के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## कायस्थ समाज उत्थान पर प्रकाश डाला

**कुरावर**। नगर में अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद मध्य प्रदेश द्वारा सामाजिक उत्थान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य मुख्य अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हेमलता सक्सेना रहीं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अरुण सक्सेना की। कार्यक्रम कि शुरुआत भगवान चित्रांश की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई मुख्य अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष विनोद सक्सेना एवं सुधा सक्सेना ने पगड़ी पहनाकर फूल माला व श्रीफल भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील सक्सेना प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। जिसमें सभी कायस्थ समाज बंधुओ ने समाज उत्थान पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अशोक सक्सेना प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, अजय सक्सेना प्रदेश प्रभारी एवं सुनील सक्सेना प्रदेश उपाध्यक्ष, जगदीश सक्सेना प्रदेश सचिव, नरेंद्र लाला प्रदेश कार्यकारी सदस्य, राजेश सक्सेना युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र सक्सेना शुजालपुर संभागीय संगठन मंत्री आदि समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ के तत्वावधान में 8वीं निशुल्क तीर्थ यात्रा हुई रवाना

**सारंगपुर**। मप्र राज्य कर्मचारी संघ के तत्वावधान में स्व. यशवंतसिंह अरोरा की स्मृति में उनके पुत्र प्रमोद अरोरा के सहयोग से सामाजिक समरसता के उद्देश्य से 8वीं निःशुल्क तीर्थ यात्रा शनिवार को नगर के गुरुद्वारा साहिब से धूमधाम के साथ रवाना हुई। यात्रा में 51 तीर्थ यात्री शामिल हुए। गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में यात्रा की सफलता एवं सकुशलता के लिए अरदास की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी, लक्ष्मी नारायण चौहान, डॉ. ध्रुव भल्ला, संभाग उपाध्यक्ष व यात्रा संयोजक धर्मेंद्र वर्मा, नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, शिव सिंह चौहान, प्रकाश दुबे, विष्णु प्रसाद जोशी, ओम पुष्पद, भावना निलेश वर्मा, अनिल पांडे सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। यात्रा संयोजक धर्मेंद्र वर्मा द्वारा सभी अतिथियों का शॉल एवं बाबा बागेश्वर धाम के चित्र से सम्मान किया गया। ढोल-ढमाकों के बीच तीर्थयात्री जुलूस के रूप में गुरुद्वारा साहिब से निकले और महाराणा प्रताप चौराहा, नया बस स्टैंड, महात्मा फुले चौराहा, पुराना हाईवे होते हुए साईं मंदिर पहुंचे। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। साईं मंदिर पर अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर बस को मैहर स्थित मां शारदा मंदिर एवं बागेश्वर धाम के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में अतुल सक्सेना, ओम प्रकाश सोलंकी, गुरुचरण गोड, गुंजन सोनी, गणेश प्रसाद शर्मा, श्याम कारपेंटर, जितेंद्र सोलंकी, रमेश चन्द्र गुजरिया, रामचंद्र पुष्पद, शिवनारायण पुष्पद सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष तीर्थयात्री उपस्थित रहे।

### विद्या भारती ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया

# महिलाओं की भूमिका व पारिवारिक मूल्यों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर, ब्यावरा में शनिवार को विद्या भारती के नेतृत्व में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समाज, परिवार और राष्ट्र निर्माण में महिला शक्ति की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष राधा गुर्जर उपस्थित रहीं। वहीं विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य बबीता मिश्रा और वर्षा मंगल ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष निवेदिता शर्मा शामिल रहीं, जिन्होंने सप्तशक्ति जागरण विषय पर प्रभावशाली संबोधन दिया।

निवेदिता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के विकास एवं सभ्यता के निर्माण में महिलाओं का



योगदान सदैव अग्रणी रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश की जीडीपी में महिलाओं की भागीदारी लगभग 17 प्रतिशत है, जिसे और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही महिलाएं शिक्षा, नीति, संस्कृति और परिवार को स्थिरता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई हैं। विशेष अतिथि प्राचार्य बबीता मिश्रा ने संयुक्त परिवार व्यवस्था और भारतीय पारिवारिक मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती व्यक्तिगत प्रवृत्तियों के कारण संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे समय में परिवार को एकजुट रखने और बच्चों में सांस्कृतिक मूल्य स्थापित करने की जिम्मेदारी महिलाओं पर और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपनी भूमिका को सशक्त रूप में निभाते हुए समजिक एकजुटता में योगदान दें। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



**खबर संक्षेप**

## आज से वरिष्ठ नागरिक करेंगे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल


सीहोर। निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज दोनों तरफ से सर्विस रोड की मांग को लेकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनियों के निवासी विगत कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। वरिष्ठ नागरिक विश्वनाथ सिंह और ओमप्रकाश अग्निहोत्री द्वारा जब तक मांग पूरी नहीं की जाती तब तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आमरण अनशन के लिए जिला प्रशासन को पत्र द्वारा सूचित किया है, जिसमें बताया गया कि सात दिवस में समस्या का समाधान नहीं किया गया और ब्रिज के दोनों तरफ से सर्विस रोड पर अभी तक कोई कार्यवाही प्रशासन द्वारा नहीं की गई। निर्माण स्थल के दोनों तरफ हाईवे का सीमांकन रेल्वे बाउण्ड्री से किया जावे तथा कॉलोनी वासियों के निकलने का रास्ता सर्विस रोड दोनों तरफ से दिया जावे। निर्माणाधीन ओवर ब्रिज को लेकर ऐसी ही कई समस्याओं के निराकरण हेतु वरिष्ठ नागरिकों द्वारा आज सुबह 10:00 बजे से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर आमरण अनशन किया जावेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की रहेगी।

### पिछले एक सप्ताह से जिले में बढ़ रहा ठंड का प्रभाव

# सर्द हवा ने बढ़ाई ठिठुरन, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दोगुना अंतर

### आसमान में बादल साफ होने से आने वाले दिनों में बढ़ेगा ठंड का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में रविवार को भी कड़ाके की ठंड है। न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा। जिले में पिछले एक सप्ताह से ठंड का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में लगभग दो गुना का अंतर देखा गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बादल साफ होने और ठंड में और वृद्धि होने की संभावना जताई है। शासकीय कृषि महाविद्यालय स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आसमान से बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ेगा। उन्होंने पुष्टि की कि रविवार को न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### तापमान में शुरू हुआ उतार-चढ़ाव

पिछले दस दिनों से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। इससे पहले कभी बारिश तो कभी गर्मी का मिला-जुला मौसम था, लेकिन अब ठंड का मौसम शुरू हो गया है। इस साल मानसून ने सीहोर जिले में 21 जून को दस्तक दी थी, जिसके बाद रुक-रुक कर बारिश होती रही थी। तापमान के आंकड़ों के अनुसार, 4 नवंबर को न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस था, जो 16 दिसंबर को घटकर 7.5 डिग्री सेल्सियस हो गया। अन्य दिनों में 5 नवंबर को 18.5, 6 नवंबर को 15.5, 7 नवंबर को 10.5, 8 नवंबर को 10, 9 नवंबर को 8.5, 10 नवंबर को 8.7, 11 नवंबर को 8.5, 12 नवंबर को 8, 13 नवंबर को 8, 14 नवंबर को 10 और 15 नवंबर को 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# कुबेरेश्वरधाम पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे, पूजा की

### बाबा के दर्शन कर जयकारे लगाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर आने वाले श्रद्धालुओं को यहां पर जारी नियमित रूप से भंडारे में भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए और पूजा अर्चना की।

इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने भोजन प्रसादी का वितरण किया। पंडित श्री मिश्रा ने बताया कि देवघर में ज्योर्तिलिंग में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का आयोजन किया जा रहा है, वहां पर भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण कर रहे है और उनके निर्देश पर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रूप से रुद्राक्ष वितरण और भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। रविवार को भी कुबरेश्वर धाम पर 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को सुबह मावे की बर्फी का भोग लगाकर भोजन के साथ प्रसादी का वितरण किया गया।

# बहुजन समाज पार्टी ने बिरसा मुंडा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बहुजन समाज पार्टी ने जलसा गार्डन दोराहा में बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट कमलेश दोहरे जोन प्रभारी बसपा सागर ने भगवान बिरसा मुंडा व अन्य महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा द्वारा सामंतवाद के खिलाफ क्रांति कागज किया था और सामंतियों सहित अंग्रेजों को धूल चटा दी थी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे हैं विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में जानकारी दी एवं जिला अध्यक्ष संजीव पद द्वारा भी महापुरुषों के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बहुजन समाज पार्टी के संगठन को मजबूत करने का संकल्प दिलाया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महासचिव नर्सिंग भारती धनराज थरेले जिला कार्यकारिणी सदस्य विधानसभा प्रभारी लक्ष्मी नारायण अहिरवार धीरब अहिरवार विधानसभा अध्यक्ष, घनश्याम जाटव, हरि नारायण हिंडोलिया, थान सिंह अहिरवार, भैयालाल, सुमित्रा अहिरवार, पूजा भारती, प्रदीप अहिरवार, विकास चौहान, रामदयाल रामगोपाल, पवन, कमलेश, अखिलेश अहिरवार, सीनू, राजाराम, बबलू, उम्मीद सिलावट, जगदीश प्रसाद, संतोष उज्जैनिया, विकास राज, मुकेश सिकनिया व जगदीश प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बाल दिवस कार्निवल में देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों की प्रतिभा और विज्ञान का दिखा अनोखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा में बाल दिवस कार्निवल के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर को जंगल से अंतरिक्ष थीम के अनुरूप अत्यंत सृजनात्मक रूप से सजाया गया। जिसने बच्चों की कल्पनाशक्ति, विज्ञान-प्रेरणा और कलात्मकता का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर निर्णायक मण्डल श्रीमती अलका पाठक विशिष्ट अतिथि मानस चौहान, तथा ग्रेसेस रिसॉर्ट के मुख्य शेफ इंद्रदेव पाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम में गरिमा व ऊष्मा का वातावरण स्थापित किया। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता, पर्यावरण जागरूकता, उद्यमिता, संतुलित दृष्टिकोण की भावना का संचार करते हैं। प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करते हैं। स्टॉलों की सजावट बच्चों की समझ, ज्ञान और कलात्मक कुशलता का सजीव प्रमाण बनी रैंप वॉक में विद्यार्थियों तथा उनके माता-पिता और अभिभवकों ने जंगल के जीव-जंतुओं, अंतरिक्ष यात्रियों, तारों, ग्रहों और प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के रूप में सशक्त प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, गीत, कविता-पाठ और नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों में उत्साह एवं आनंद का संचार किया। प्रदर्शनी में प्रदर्शित अनेक कलात्मक पेंटिंग्स ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा और सृजनात्मक उत्साह से भर दिया।इस वर्ष विद्यालय द्वारा भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा तथा ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला के प्रति विशेष कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया गया, जिन्हें अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रति प्रेरणादायी भूमिका के लिए सराहा गया।

विद्यार्थियों ने उनके अंतरिक्ष योगदान आधारित मॉडल्स और प्रदर्शनों के माध्यम से भारत का अंतरिक्ष भविष्य" विषय को अत्यंत प्रेरक रूप में प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर विद्यालय परिसर जंगल से बृहस्पति तक थीम की रोशनी से आलोकित हो उठा। समारोह के अंत में विद्यालय के निदेशक ध्रुव कुमार तिवारी, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञानसिंह ठाकुर, पायल अली, सैय्यद आदिल अली तथा समस्त विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन हेतु विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

# घर-घर हो रहा मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



ग्राम खाचरोद में मतदाता सूची के पुननिरक्षण का कार्य चल रहा है जहां बीएलओ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशाकार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों के पत्रक भर रहे हैं बीएलओ बाबूलाल पेरवाल ने बताया कि ग्राम में सभी बीएलओ अपनी भाग संख्या में पत्रक को भर रहे हैं वहीं उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम 2003 की सूची मैं दर्ज हैं उनका फॉर्म कंप्लीट करने में समय कम लग रहा है लेकिन जिन मतदाताओं के नाम 2025 की लिस्ट में है लेकिन 2003 की लिस्ट में नहीं है उनकी जानकारियां कंप्लीट करने में थोड़ा समय लग रहा है कार्य में आम जन की रुचि बनी हुई है वहीं उन्होंने कहा कि जिन विवाहित महिलाओं का 2003 की लिस्ट में नाम नहीं है वह अपने पिहर से अपने भाई या पिता से संपर्क कर वहां के बीएलओ से 2003 की लिस्ट में उनके पिता के नाम वाला पेच व्हाट्सएप पर मंगवा कर रख ले ताकि पत्रक भरने में कम से कम समय लगे।

# डिप्टी कलेक्टर बने नरेंद्र मेवाड़ा का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के की प्रतिष्ठित परीक्षा में ग्राम दलपतपुर निवासी हाल मुकाम बजरंग कॉलोनी आष्टा निवासी मनोहर सिंह राजपूत के सुपुत्र नरेंद्र सिंह मेवाडा ने 14वां स्थान प्राप्त कर समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है नरेंद्र सिंह ने लगातार लोक सेवा आयोग की पांच परीक्षा वर्ष 2019 से 2023 तक उत्तीर्ण की उन्हें प्रथम प्रयास एवं दूसरे प्रयास में साक्षात्कार पहुंचने के बाद भी फाइनल पद प्राप्त नहीं हुआ था । वर्ष 2021 की आयोग की परीक्षा में आप जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर चयनित होकर वर्तमान में सुजालपुर जनपद पंचायत में अपनी सेवा दे रहे थे किंतु अपनी में कड़ी मेहनत के बाद अपने 2023 में की लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में 14वां स्थान प्राप्त का डिप्टी कलेक्टर बने इस अवसर पर उनके निवास पर अजब सिंह राजपूत बीआरसीसी आष्टा ,शैलेंद्र राजपूत ,जीवन सिंह मंडलोई जिला पंचायत उपाध्यक्ष सीहोर मेहरबान सिंह मेवाड़ा सरपंच मूंदी खेड़ी अनार सिंह सरपंच हीरापुर , राकेश सिंह हाडा सीहोर जीवन सिंह डूका राम सिंह राजपूत,आदि समाज जनों ने साफा बांधकर स्वागत किया गया।

# आज लीजा टॉकीज मैदान पर होगा कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आज रात लीजा टॉकीज मैदान पर विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर हर वर्ष की भाँति अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विधानसभा क्षेत्र के हजारों समर्थकों कार्यकर्ताओं नागरिकों के द्वारा भी विधायक सुदेश राय के जन्म दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कवि सम्मेलन के संयोजक राजकुमार जायसवाल रिंकू ने बताया कि इस वर्ष विशुद्ध हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश भर के दिग्गज हास्य कवि तथा लाफ़्टर शो चैंपियन श्रोताओं को गुदगुदाने सीहोर आ रहे हैं। यह आयोजन प्रतिवर्षानुसार स्थानीय लीज़ा टॉकीज़ के मैदान पर रात नौ बजे प्रारंभ होगा। शहर में कवि सम्मेलन की बरसों पुरानी परंपरा रही है, सीहोर का नाम कवि सम्मेलन नगरी के रूप में ख्यात रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विधायक सुदेश राय के जन्मदिन पर पिछले पच्चीस वर्षों से कवि सम्मेलन का आयोजन लीज़ा टॉकीज़ मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष यह आयोजन पूरी तरह से हँसी, ठहाकों तथा गीत-ग़ज़लों को समर्पित रहेगा। इस वर्ष आने वाले कवियों में 'द लाफ़्टर शो' तथा 'द कपिल शर्मा शो' में भाग ले चुके मशहूर कवि भी शामिल हैं। लीजा टॉकीज मैदान पर बनने वाले भव्य मंच से अरुण जैमिनी हास्य सम्राट, लाफ्टर चैम्पियन के सरपंच, द कपिल शर्मा शो फेम नई दिल्ली, शशिकांत यादव शशि सब रस-संचालक देवास अज़हर इक़बाल मशहूर शायर, फिल्म गीतकार, द कपिल शर्मा शो फेम, मेरठ उप्र अनिल चौबे हास्य व्यंग्य वाराणसी, सुश्री आयुषी राखेचा गीत, ग़ज़ल, हास्य जोधपुर, पार्थ नवीन हास्य पैरोडीकार प्रतापगढ़, स्वयं श्रीवास्तव गीतकार उन्नाव उप्र, तथा मुन्ना बैटरी लाफ्टर चैम्पियन फेम मंदसौर नागरिकों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देंगे। हास्य कवि सम्मेलन के सूत्रधार साहित्यकार पंकज सुबीर रहेंगे।

### मुनिश्री अक्षय सागर एवं प्रवर सागर मुनिराज का हुआ नगर प्रवेश

# दिगंबर साधु स्वाभिमानी होते हैं, अभिमानी नहीं: प्रवर सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मुनिश्री अक्षय सागर मुनिराज एवं प्रवर सागर मुनिराज का गाजे बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से हुआ नगर प्रवेश ।मुनिराज प्रवर सागर मुनिराज ने कहा मनुष्य पुरुषार्थ कर सकते है।स्वभाव, मोक्ष आदि के लिए पुरुषार्थ कर रहे है।दिगंबर संत स्वाभिमानी होते हैं, अभिमानी नहीं। चातुर्मास के दौरान अरिहंतपुरम वाले बहुत खुश थे,मानो श्रीराम अयोध्या में आ गए। सकल समाज का पुण्य है ,हम अरिहंतपुरम में चातुर्मास के पश्चात किला मंदिर पर समाज के द्वारा श्रीफल भेंट करने पर यहां आए।धर्म णमोकार महामंत्र से शुरु होता है,जिनालय, जिनबिंब समझ में आ रहा है तो समझे कि आप मोक्ष का पुरुषार्थ कर रहे है।हाथ जोड़ कर नमन करते है तो कर्मो की निर्जरा कर रहे है।

दिगंबर साधु स्वाभिमानी होते है,अभिमानी नही। अभी पुरुषार्थ स्वभाव को प्राप्त करने का चल रहा है। वस्तु का स्वरूप है ,वैसे ही ग्रहण कर रहे हो तो स्वभाव को प्राप्त कर रहे हैं। धर्म का प्रभाव अरिहंतपुरम की गूंज किला मंदिर तक आ गई। उक्त बातें आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने इंदौर नाका से नगर प्रवेश के पश्चात श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर आशीष वचन देते हुए कही।उन्होंने कहां किला मंदिर पर प्रवास हेतु समाज ने श्रीफल भेंट किया। यह श्रीफल सामान्य श्रीफल नहीं है, यह मोक्ष का पुरुषार्थ का श्रीफल है। मुझे सुबह चंद्रप्रभु भगवान के दर्शन हुए। फिर स्वर्णभद्र कूट के दर्शन हुए और उसके पश्चात मुनि अक्षय सागर जी की जिन मुद्रा के दर्शन हो गए ।

जहाँ धर्म का प्रभाव होता है ,जिन मुद्रा का सम्मान करते हैं ,वह जीव निकट भव्य होता है।मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने कहां प्रवास यहां रहेगा। सकल दिगंबर समाज एक होती है तभी धर्म की प्रभावना होती है। जहां धर्म की प्रभावना वहां गुरुओं की विनय होती है। मुनिश्री अक्षय सागार मुनिराज के साथ एक मास का प्रवास शाहगढ में पहले रहा है।आपका अच्छा वात्सल्य रहा, यही वात्सल्य बना रहे।विभाव अवस्था छूटने पर स्वभाव अवस्था बनती है। क्षमा भाव रहना चाहिए। मन में कषाय है तो पत्थर की तरह है, पानी में पत्थर पड़ा रहने के पश्चात भी कड़क रहता है और मिट्टी पर एक बूंद पानी डलने पर वह नरम हो जाती है। आपने कहां धर्म णमोकार महामंत्र से प्रारंभ होता है। सच्चे सुख की प्राप्ति समीचीन धर्म से है। आचार्य विद्यासागर मुनिराज ने जिन मुद्रा को धारण किया विद्याधर से विद्यासागर बने ।जिन मुद्रा का सम्मान करोगे तो मन में धर्म रूपी कमल खिलेगा।पथरिया के अरविंद और अरुण ने भी जिन मुद्रा धारण की। अरिहंतपुरम श्रीचंद्र प्रभ मंदिर समिति ने चातुर्मास के दौरान बहुत विधान करवा कर धर्म आराधना कराई। मुनिश्री अक्षय सागर मुनिराज ने कहां स्वभाव को प्राप्त नही कर पा रहे है।धर्म कहां से प्रारंभ हो,धर्म जिनेन्द्र भगवान ने बताया,जिन्हें जिनेन्द्र भगवान पर विश्वास है,वही धर्म कर सकते है।धर्म पर सही श्रद्धा करे।जिसके ह्रदय में सत्य की स्थापना वह श्रद्धावान है।सम्यकदर्शन, सम्यकज्ञान और सम्यकचारित्र को धर्म कहां है। सम्यकदर्शन के बिना धर्म की प्राप्ति नही।भगवान के दर्शन करते ही मन खिल जाता है। चातुर्मास चतुरगति से बचने का उपाय है।

### गाजे बाजे के साथ हुआ नगर प्रवेश

आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज का शनिवार को इंदौर नाके पर समाजजनों ने गाजे बाजे के साथ अगवानी कर जुलूस के रूप में नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए किला मंदिर पर पहुंचे। वहीं शुक्रवार को मुनिश्री अक्षय सागर मुनिराज का भोपाल नाका से नगर प्रवेश हुआ। आपका सीहोर चातुर्मास सानंद संपन्न कर मंगल विहार करते हुए आष्टा किला मंदिर पर पहुंचे हैं। अरिहंतपुरम श्रीचंद्र प्रभ मंदिर व्यवस्था समिति ने मुनीश्री अक्षय सागर मुनिराज को अलीपुर में शीतकालीन वासना हेतु श्रीफल भेंट किया।

# शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर खजूरिया कासम में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता सुंदर बाई पूर्व सरपंच, मुख्य वक्ता नीता महाडीक सामाजिक कार्यकर्ता आष्टा मराठी शिक्षक एवं कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि लीलाबाई पाटीदार रहें। मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत विद्यालय की दीदी निकिता एवं रवीना ने तिलक लगाकर साल एवं श्रीफल भेंट किये अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य लखन सिंह ठाकुर ने किया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नीता महाडीक सामाजिक कार्यकर्ता ने पंच परिवर्तन जैसे कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता,स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य पर मातृशक्ति को संबोधित किया कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की दीदी अल्पना एवं शीतल पाटीदार ने किया। कार्यक्रम का आभार दिव्या पांचाल ने किया।